हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 9 दिसंबर 2025

06 सड़कों की धूल से दमा, ब्रोन्काइटिस एलर्जी व ...



09 सिंगल से टू लेन होगी तीन मुख्य सड़कें, मिलेगा...





## खबर संक्षेप

### सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि

**सागर।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर कलेक्टर संदीप जी. आर. को प्रतीक ध्वज लगाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने अपने संदेश में कहा कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस देश के वीर सैनिकों और शहीदों के प्रति सम्मान एवं श्रद्धांजलि व्यक्त करने का विशेष अवसर है। उन्होंने यह भी बताया कि सागर जिले ने मध्यप्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य से अधिक राशि संग्रहित की है, जिसका उपयोग शहीदों के परिजनों, पूर्व सैनिकों एवं आश्रितों के कल्याणकारी कार्यों में किया जाएगा। सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन (नौसेना) उपेंद्र प्रताप सिंह भदौरिया (से.नि.) द्वारा जिला सैनिक कल्याण कार्यालय परिसर में एक विशेष समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके आश्रितों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। समारोह के दौरान सागर जिले के दस वीर सैनिकों को स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जिन्होंने देश की रक्षा हेतु अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

### निर्वाचक नामावली गहन पुनरीक्षण पर राजनैतिक दलों की बैठक संपन्न

सागर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर के निर्देशन में कलेक्टर कार्यालय सागर में आज निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण, 2026 के संबंध में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहित जिले के प्रमुख राजनैतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को स्वच्छ, निष्पक्ष और समावेशी बनाने के लिए राजनैतिक दलों के साथ समन्वय स्थापित करना था। सभी उपस्थित दलों ने इस प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक की कार्यवाही, पंचनामा, फोटोग्राफ और मिनिट्स 11.12.2025 को निर्वाचन कार्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे।

### जिले में निःशुल्क प्रोस्थेटिक हैंड वितरण शिविर

**सागर।** सागर जिले में स्वास्थ्य विभाग एवं इनाली फाउंडेशन के सहयोग से निःशुल्क प्रोस्थेटिक हैंड कृत्रिम हाथ वितरण शिविर लगाया जा रहा है। यदि आपके क्षेत्र में विकासखंड में किसी भी व्यक्ति को हाथ की कोहनी की नीचे की विकलांगता है। इस संबंध में जिले कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोरी द्वारा जानकारी दी गयी कि चाहे वह जन्म से विकलांगता हो, चाहे किसी इंजुरी के कारण विकलांगता हो, चाहे किसी बीमारी के कारण विकलांगता हो ऐसे व्यक्ति को निःशुल्क प्रोस्थेटिक हैंड कृत्रिम हाथ का वितरण किया जाएगा कृत्रिम हाथ से व्यक्ति अपने दैनिक काम करने में सक्षम हो सकेगा।

### शासकीय अस्पतालों में टीबी का उपचार निःशुल्क

**सागर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोर ने बताया कि टीबी संक्रमण बीमारी है। खांसी, बुखार आना, भूख न लगना आदि टीबी के लक्षण हो सकते है। टीबी कोई भयानक बीमारी नहीं है, टीबी का ईलाज संभव है। व्यक्ति को 6 माह डॉट पद्धति का ईलाज लेना अनिवार्य है। प्रत्येक क्षय रोगी को ईलाज लेने पर 500 रूपये पोषण के लिये प्रदान किये जाते है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि टीबी से बचने के लिये सभी स्वास्थ्य सेवायें जिला अस्पताल, सिविल हॉस्पिटल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र संस्थाओं पर संपर्क कर टीबी की जांच व उपचार से बीमारी पर रोक लगाई जा सकती है।

---

योग निकेतन योग प्रशिक्षण संस्थान सागर का 55 वां वार्षिक स्थापना समारोह संपन्न

# योग से शक्ति, विश्वास, निरोगी काया के साथ ही मिलता है नया जीवनः संत रविशंकर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

योग निकेतन योग प्रशिक्षण धाम के 55 वे वार्षिक स्थापना दिवस समारोह के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि प्रसिद्ध संत पूज्य श्री रविशंकर जी महाराज ने कहा कि योग हमें निरोग रखता है। योग परंपरा हमें शांति शक्ति, विश्वास और नया जीवन देता है। हम सभी को योग परंपरा से जुड़ना चाहिए। हमें सुबह ध्यान योग आदि करनाचाहिते और सात्विक जीवन व्यतीत करना चाहिए। इस अवसर पर श्री रावतपुरा सरकार ने संस्थान के संस्थापक और योगाचार्य श्री विष्णु आर्य के जन्मदिन पर शाल श्री फल भेंटकर आशीर्वाद दिया।

श्री रावतपुरा सरकार ने कहा कि वैसे तो योग संतो की विद्या मानी जाती है। लेकिन सांसारिक जीवन में भी योग परंपरा का उतना ही महत्व है। उन्होंने कहा कि योगाचार्य विष्णु आर्य लंबे समय से योग से जुड़े है। मुझसे भी लंबे समय से जुड़े है। हमारे संस्थानों में योग के कार्यक्रम करते है। उनको मेरा आशीर्वाद है। महाराज जी ने बताया कि योग धाम में श्री राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी की पूजा हवन होता है। इसको करना चाहिए। इससे सुखशांति और समृद्धि आती है। सभी को वैदिक मंत्रों का विधिवत जप आदि करना चाहिए।



इस मौके पर संस्थान के संस्थापक योगाचार्य विष्णु आर्य ने बताया कि योग संस्थान ने पिछले 55 सालों में कई मुकाम हासिल किए है। योग निकेतन ऐसा संस्थान बना है जो खुद की जमीन पर निर्मित है और नियमित कार्यक्रम संचालित होते है। बुंदेलखंड अंचल का एकमात्र सबसे पुराना संस्थान है। उन्होंने कहा कि योग पद्धति से हमारे शारीरिक ,मानसिक और आध्यात्मिक उन्नति संभव है।

कार्यक्रम में संस्थान की ओर से संत श्री रावतपुरा सरकार का स्वागत भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, बीजेपी नेता सुशील तिवारी, अध्यक्ष रामनारायण यादव और कार्यक्रम संयोजक सुबोध आर्य और अमित गुप्ता ने किया। स्थापना दिवस पर योग निकेतन में दो दिवसीय आयोजन में सर्व भौतिक उन्नति के लिए श्री राजराजेश्वरी त्रिपुरा सुंदरी देवी श्री यंत्र का अभिषेक एवं कुमकुम से सहस्त्र अर्चन और दूसरे दिन श्री लक्ष्मी नारायण का अभिषेक, श्री सूक्त, गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र से हवन, पूर्ण आहुती हुई।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, भाजपा नेता सुशील तिवारी, सुरेंद्र सुहाने, स्थान संस्था के शिक्षक अमित गुप्ता, बी डी, साहू, साहित्यकार महेश दत्त त्रिपाठी, रविन्द्र सिलाकारी, रत्नेश रावत, सुशील तिवारी, सदस्य जिला योग समिति सागर, कार्यक्रम संयोजक सुबोधआर्य, रविशंकर स्कूल के प्राचार्य महेंद्र प्रताप तिवारी, गायत्री परिवार के डा आरएन यादव, हरिसिंह ठाकुर, सुरेंद्र चौबे, अधिवक्ता कल्याण सिंह दांगी, रामस्वरूप आठ्या, डा दशरथ मालवीय, महेश नेमा, राजेश जड़यि, संजय पाठक, महेश साहू, पी, एल सोनी, मनोहर सोनी, बाला नेमा, रामकिशन कोरी, संदीप सोनी सदस्य जिला योग आयोग, विनोद कुमार सोनी, आरती ताम्रकार योग टीचर आईपी एस, स्कूल, ज्योति शर्मा, दिलीप साहू सर, भूपेंद्र राठौर, संजय रावत, सुंदर लाल बचकेया, भूपेंद्र पराशर, आकाश पटेल रियल कोचिंग क्लासेस, मनोहर लाल सोनी, नंदकिशोर नामदेव, सविता मेहता, ज्योति आर्य, अल्का आर्य, निर्मला ठाकुर, मुन्ना लाल जैन, सुशील राधाचरण तिवारी, विष्णु खटीक, बेनीप्रसाद कोरी, पूजा पटेल, कमलेश नामदेव, देवी सिंह लोधी आदि ने सभी योग प्रेमियों से कार्यक्रम में शामिल हुए।

---



## श्री गणेश पुराण कथा आयोजन को लेकर नागेश्वर भक्त मंडल की बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

श्री नागेश्वर महादेव मंदिर में पं.ऋषि महाराज पटकुई वालो के मुखारविंद से श्री गणेश पुराण कथा के पुण्य आयोजन को लेकर श्री नागेश्वर भक्त मंडल ने बैठक की। किसी भी पूजा अर्चना या शुभ कार्यों से पूर्व पंच देवों में से एक भगवान श्रीगणेश जी की आराधना की जाती है, अतःश्री गणेश पुराण अति पूजनीय महत्व वाला है इसके पठन-पाठन श्रवण से सभी कार्य सफल हो जाते हैं। कथा आयोजन की रूपरेखा आनंद ददरया एवं संतोष सोनी मारुति के द्वारा प्रस्तुत की गई । जिसमें सभी के द्वारा सी आर मॉडल स्कूल खेल मैदान में 25 दिसंबर से लेकर 31 दिसंबर तक श्री गणेश पुराण कथा का आयोजन तय किया गया। तत्पश्चात 1 जनवरी को नव वर्ष के अवसर पर विशाल भंडारा होगा। अच्छे व्यवस्थित सुविधाजनक आयोजन के लिए पं.माधव कटारे, पप्पू गुप्ता, अनिल अवस्थी ने भी अपने विचार प्रस्तुत किया । इस अवसर पर पं.बद्रीप्रसाद शुक्ला टेहरे वाले, वीरेंद्र सुहाने पूनम अगरबत्ती, आनंद कठल, ओम प्रकाश रुसिया, अवध बिहारी ददरया, कमल बरसैंया, रम्मा माहेश्वरी, सोमेश जड़िया, पं. राम सेवक तिवारी, प्रताप घोषी, विकास राजपूत, सचिन साहू, रामेश्वर नेमा, पप्पू चौबे, नितिन पचौरी, नितिन अग्रवाल, राजकुमार श्रीवास्तव, अमित ददरया, कंचन जड़िया पार्षद, याकृति जड़िया पार्षद, सीमा ददरया, सोनल बरसैया आदि भक्तिगण, मातृशक्ति उपस्थित रहे।

---



## निगमायुक्त ने छत्रसाल नगर कॉलोनी में बिजली समस्या के निराकरण हेतु किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने बाघराज वार्ड स्थित छत्रसाल नगर आवासीय कॉलोनी में बिजली से संबंधित समस्या के निराकरण हेतु स्थल निरीक्षण किया एवं रहवासियों से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि जिन रहवासियों पर बिजली बिल की बकाया राशि है, वे अपनी कुल बकाया राशि का कम से कम 1/3 हिस्सा अनिवार्य रूप से जमा करें, क्योंकि नगर निगम को अतिरिक्त बिजली बिल का आर्थिक भार वहन करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बकाया राशि जमा होने पर ही विद्युत मंडल में बिल की राशि जमा कराई जाकर अलग-अलग बिजली कनेक्शन देने की कार्रवाई संभव हो सकेगी। निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि छत्रसाल नगर आवासीय कॉलोनी में केवल पात्र व्यक्ति एवं परिवार ही निवास कर सकते हैं। जांच के दौरान जिन व्यक्तियों के आवास निरस्त किए गए हैं, उनकी सूची सार्वजनिक सूचना हेतु कॉलोनी में चस्पा करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे आम नागरिकों को अपात्र व्यक्तियों की जानकारी मिल सके। उन्होंने किराए से रहने वाले किराएदारों से भी अपने समस्त दस्तावेज नगर निगम में अनिवार्य रूप से जमा करने को कहा। निगमायुक्त ने बताया कि जांच में यह सामने आया है कि कुछ व्यक्तियों द्वारा आवासों का अवैध विक्रय किया गया तथा कुछ लोगों ने बिना राशि जमा किए अनाधिकृत रूप से कब्जा कर लिया है। ऐसे 42 व्यक्तियों के विरुद्ध पुलिस में एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई की जा चुकी है इसके साथ ही 101 व्यक्तियों द्वारा स्वयं का आवास होने के बाद भी आवास लेकर किराए पर दिए जाने की पुष्टि हुई है, जिनके विरुद्ध राशि राजसात कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने सभी रहवासियों से अपील की कि जांच के दौरान अपने वैध दस्तावेज अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। निगमायुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन आवासों का आवंटन निरस्त किया गया है, उनकी जमा राशि राजसात की जाएगी एवं उन आवासों का पुनः पात्र व्यक्तियों को आवंटन किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त एस एस बघेल, राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

---

# धर्म, धैर्य और संयम ही श्रीमद्भागवत गीता का सारः अविराज सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

भगवान श्री कृष्ण का जन्म कारागाह में हुआ था और उन्हें जन्म के बाद ही नदी पार करा के गोकुल ले जाया गया, उन्होंने कम आयु में असुरों से युद्ध किया, कम आयु में ही उन्होंने घर का त्याग किया और उज्जैन में शिक्षा प्राप्त की। उनका जीवन हमेशा संघर्ष मय था परन्तु उन्होंने धर्म, धैर्य और संयम यह तीन सूत्र हम सभी को दिये। यहां दशहरा मैदान में आयोजित संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के आयोजन में शामिल युवा भाजपा नेता अविराज सिंह ने अपने उद्बोधन में यह विचार रखे। युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि आज के समय में संयम और कभी क्रोध न आना बहुत अर्थपूर्ण है। हमें अगर जीवन में संयम लाना है तो श्रीरामचरित मानस, श्रीमदभागवत कथा पढ़ना चाहिए, इन से ही हमारे अंदर संयम और धैर्य आता है। उन्होंने कहा कि हम हमेशा धर्म के साथ अपना कर्म करते चलें। जो कुछ होगा हमेशा अच्छा ही होगा यह भावना हमारे अंदर होनी चाहिए। हमारे अंदर यह भावना भी होनी चाहिए कि यह जिन भगवान श्री कृष्ण ने हमें अभी तक संभाला है वह आगे भी संभाल लेंगे।



अविराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण जी श्री मद्भागवत गीता जी में कहते हैं कि जो कुछ होता है अच्छे के लिए होता है और आगे भी जो कुछ होगा अच्छे के लिए ही होगा, इस विश्वास पर आस्था प्रगाढ़ होना चाहिए। उन्होंने बताया कि एक रिपोर्ट के अनुसार भारत के 60 प्रतिशत से ज्यादा युवा 21 वर्ष से कम आयु में नशे का शिकार बन रहे है। नशा आपकी प्रतिभा, सामर्थ्य, समाज व सोचने की क्षमता प्रदेश-देश खराब कर देता है। नशे से दूर रहना होगा यही युवाओं से आवाहन है कि इससे संकल्पित होकर दूर रहें। भारतीय संस्कृति को समझें भगवान श्री कृष्ण जी के संदेश को समझें। उन्होंने कहा कि यदि मन का सारथी भगवान श्री कृष्ण हैं तो आप हमेशा नशे से दूर रहेंगे।

---

## बिजली कंपनी द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

**सागर।** केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद जबलपुर द्वारा वर्ष 2025-26 की 47वीं अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट खेल प्रतियोगिता का सिटी स्टेडियम सागर में अधीक्षण अभियंता चंद्र रेखा प्रभाकर ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य अभियंता कार्यालय में पदस्थ अधीक्षण अभियंता शांति परते भी उपस्थित थी दोनों अधीक्षण अभियंताओं ने मैदान में जाकर बॉलिंग बैटिंग करते हुए खेल का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता के नियमों की जानकारी जबलपुर से आए पर्यवेक्षक अनिल शर्मा ने दी अवनीश जारोलिया ने खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलाई टीम मैनेजर के माध्यम से सभी टीमों का स्वागत किया गया ।अजय नामदेव, सी एस पटेल एवं पवन रावत ने मंचासीन अतिथियों का बैच लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित फेडरेशन के आर आर पाराशर का रावत द्वारा स्वागत किया। आज हुए मैच में सागर क्षेत्र ने 11 ओवर बकाया रहते हुए रीवा को 8 विकेट से हराया। उज्जैन ने ग्वालियर को 95 रन से जबलपुर सेंट्रल ने चचाई को 8 रन से हराया। बिरसिंहपुर की टीम ने सारणी की टीम पर 114 रन से जबलपुर रीजन की टीम ने सिरमौर पर 145 रन से जीत हासिल की भोपाल ने शहडोल से खेलते हुए 9 विकेट से जीत हासिल की।

---

## बीना में प्राकृतिक व जैविक हाट बाजार का भव्य शुभारंभ, किसानों में उत्साह

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश तथा उपसंचालक कृषि के मार्ग दर्शन में आज बीना विकासखंड के गल्ला मंडी प्रांगण में प्राकृतिक एवं जैविक हाट बाजार का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्र विधायक निर्मला सप्रे ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र की जनपद अध्यक्ष श्रीमती उषा राय उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिन किसानों ने प्राकृतिक एवं जैविक पद्धति से फसल या सब्जियों का उत्पादन किया है, उन्होंने अपने-अपने स्टॉल लगाए, जो पूर्णतः जैविक उत्पादों से सुसज्जित थे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य खेती-किसानी में रसायनों का कम से कम उपयोग कर प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देना, तथा स्वस्थ शरीर, स्वस्थ पर्यावरण और स्वस्थ समाज की दिशा में लोगों को प्रेरित करना है। साथ ही इस हाट बाजार का उद्देश्य यह भी है कि जैविक उत्पादन करने वाले किसानों को उनके उत्पादों का सही और उचित मूल्य प्राप्त हो।

---



## पुलिस की कार्यप्रणाली से नाराज करणी सैनिकों ने एसपी ऑफिस पर प्रदर्शन किया

**सागर।** करणी सेना परिवार के सदस्यों ने बड़ी संख्या में एसपी कार्यालय में प्रदर्शन किया एवं रघुपति राघव राजा राम का कीर्तन पुलिस को चिर निद्रा से जगाने के लिए किया। करणी सैनिकों के आरोप हैं कि पुलिस अधीक्षक विकाश शहवाल और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा को पूर्व में अपनी मांगों के चलते सौपे गए ज्ञापनों पर आज दिनांक तक कोई ठोस कार्यवाही नही की गई। करणी सेना परिवार जिला सागर द्वारा 1 वर्ष की अवधि में दिए गए करीब 6 ज्ञापनों में पुलिस प्रशासन द्वारा कोई भी निराकरण नही किये जाने के विरोध में करणी सैनिको ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया और रघुपति राघव राजा राम का कीर्तन किया। करणी सेना ने बताया है कि अभी आंशिक धरना प्रदर्शन किया जा रहा हैं, अगर उक्त माँगे नही मानी जाती तो जीवन सिंह शहपुरा की मंशा अनुसार बड़े स्तर पर प्रदर्शन किया जाएगा। करीब 1 घण्टे के धरना प्रदर्शन के दौरान डीएसपी अजय सनकत बात करने आये पर करणी सैनिको ने कीर्तन जारी रखा, इसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा के बार बार आश्वासन के बाद करणी सैनिक धरना प्रदर्शन से उठे। करणी सेना ने बताया हैं कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर के आहवान पर प्रदेशव्यापी प्रदर्शन 21 दिसंबर को हरदा में हैं, इस के बाद अगर सागर पुलिस का रवैया नही बदला तो अगला बड़े स्तर का धरना प्रदर्शन सागर में होगा। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से शैलेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह ठाकुर, अक्षय प्रताप सिंह, जितेंद्र सिंह ठाकुर, सचिन सिंह राजपूत, गजेंद्र ठाकुर, भूपेंद्र सिंह राजपूत,अक्षय सिंह ठाकुर,भानु प्रताप सिंह, गोविंद राजपूत, जितेंद्र सिंह खुरई, राम राजा चढ़ा, कार्तिक सिंह, आरव सिंह सदर एवं बड़ी संख्या में करणी सैनिक मौजूद थे।

---

श्यामलम संस्था का विस्तार सागर से बाहर भी होना चाहिएः अनिल तिवारी

# सागर में गोते लगाकर हीरे-मोती ढूंढ कर लाती है श्यामलमः कुसमरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

अपने स्तरीय आयोजनों के लिए ख्यात नगर की प्रतिष्ठित संस्था श्यामलम द्वारा अपने वार्षिक आयोजन लोक सम्मान पर्व के 10 में सोपान में विभिन्न विधाओं की 13 प्रतिभाओं तथा श्यामलम के 11 मुख्य मंच संचालकों का सम्मान रविंद्र भवन में आयोजित कार्यक्रम में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया ने अपने वक्तव्य में कहा कि श्यामलम संस्था सागर में गोते लगाकर हीरे मोती ढूंढ कर लाती है और उन्हें लोक सम्मान में सम्मानित करती है। यह काम साधारण नहीं है और इस असाधारण कार्य को श्यामलम की संपूर्ण टीम अथक प्रयासों से सार्थक करती है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विधायक सागर शैलेंद्र जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज के लिए उत्कृष्ट काम करने वालों को दिया जाने वाला नागरिक सम्मान जिनको दिया जाता है वह किसी न किसी विधा में पारंगत होते हैं। श्यामलम संस्था द्वारा प्रतिवर्ष कराए जाने वाले इस महत्वपूर्ण आयोजन की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इन सम्मानों से जहां एक ओर समाज को अच्छे कार्य करने की प्रेरणा मिलती है वहीं दूसरी ओर इनको प्राप्त करने वालों का उत्साह वर्धन होता है।




अध्यक्षीय उद्बोधन में स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति डॉ. अनिल तिवारी ने सागर नगर में होने वाले इस आयोजन को अप्रतिम बताते हुए कहा कि सागर में श्यामलम का लोक सम्मान लब्ध प्रतिष्ठित सम्मान है जो साहित्य, संस्कृति, समाज सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय भूमिका के लिए प्रतिवर्ष प्रदत्त किया जाता है। उन्होंने कहा कि श्यामलम संस्था का विस्तार सागर से बाहर भी होना चाहिए। उन्होंने अगले वर्ष का लोक सम्मान जबलपुर शहर में किया जाना प्रस्तावित भी किया। से.नि. प्राचार्य शिवदत्त शुक्ल ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूजन, ऋषि कुल विद्यालय के आचार्य श्री राम शास्त्री एवं विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा स्वस्ति वाचन और कवि मुकेश तिवारी द्वारा सरस्वती वंदना गायन से हुई। श्यामलम अध्यक्ष उमा कान्त मिश्र, कोषाध्यक्ष हरि शुक्ला तथा श्रुति मुद्रा संस्था की अध्यक्ष डॉ कविता शुक्ल द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। संस्था के सचिव कपिल बैसाखिया ने कार्यक्रम परिचय व स्वागत उद्बोधन दिया. तीन चरणों में सम्पन्न हुए इस कार्यक्रम का संचालन क्रमशः डॉ. अंजना चतुर्वेदी तिवारी, डॉ. अमर जैन एवं रमाकांत मिश्रा ने किया। आभार श्यामलम की कार्यकारिणी सदस्य डॉ. छाया चौकसे ने माना।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### शराब पीकर युवक से मारपीट, धमकाया

ललितपुर। महरौनी कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम मिदरवाहा के मजरा लक्ष्मनपुर निवासी छोटेलाल उर्फ छोटू पुत्र मनोहर कुशवाहा ने पुलिस को अवगत कराया कि 1 दिसम्बर को शाम करीब 7 बजे वह अपने गांव में संदीप की दुकान के सामने खड़ा हुआ था, तभी दिनेश अहिरवार पुत्र मठू आया और शराब के नशे में धुत्त होकर अपनी मोटर साइकिल पर बैठकर लोगों को गालियां देने लगा। मना करने पर दिनेश अहिरवार ने उसके साथ मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी।

### श्रीगोशाला अखाड़ा तालाबपुरा में एक बैठक संपन्न हुई, अयोध्या शौर्य दिवस के 33 वर्ष पूरे हो गए

# 6 दिसंबर 1992, बाबरी मस्जिद विध्वंस से 500 वर्ष का कलंक समाप्त हुआ था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

श्रीगोशाला अखाड़ा तालाबपुरा में एक बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता शील चन्द सिंघई ने व संचालन फूलचन्द विश्वकर्मा ने किया। बैठक में श्रीहनुमानजी महाराज व प्रभु श्रीरामचन्द दरबार का पूजन किया गया। और श्रीहनुमान चालीसा का पाठ किया गया। आज से 33 वर्ष पूर्व विश्व के समस्त हिन्दू समाज ने मिलकर 500 वर्ष पूर्व मुस्लिम शासक औरंगजेब के द्वारा भारत हिन्दु मंदिर को तोड़ और मीर बाकी ने 16 वी सदी में अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर को तोड़कर बाबरी मस्जिद का निर्माण किया था उस कलंक का सम्पूर्ण हिन्दू समाज ने



**विश्व विख्यात श्रीराम मंदिर का निर्माण**

मिलकर बाबरी मस्जिद को तोड़कर 500 वर्ष का कलंक समाप्त किया और विश्व विख्यात प्रभु श्री राम मंदिर का निर्माण किया। दीए जलाए, पटका जलाए व प्रसाद वितरण किया। बैठक में आदर्श जैन, अविन्द संज्ञा, नरेश विदुआ, नरेन्द्र पाठक, अशीष तिवारी, पंकज रैकवार, रज्जन चतुर्वेदी, मुन्ना तिवारी, अनिल, रजनीश, रजत, रामरतन माली, मनीष पवैया, मुकेश जैन, प्रभु, कोमल, पूरन, रतन, प्रकाश, कामता, प्रताप कुशवाहा, अंकित शिवाजी, टोनी, संजय, प्रेम, जगदीश, कक्कू, कुंदन सेन, रोहित यादव, रामेश्वर साहू, बल्ली चौबे, कल्लन चौबे, प्रताप सोनी, विपिन सराफ, आनंद रानू, सौरभ साहू, शैलेश राठौर, मनीष रजक, अतुल खरे, प्रदीप, शंकर कुशवाहा ठेकेदार, भोडले, शांत सागर, छोटे साहू, रूपेश, महेश श्रीवास्तव, गोविन्द श्रीवास्तव, बल्देव राजा, लक्ष्मी नारायण, राजू जोशी, दिनेश आदि मौजूद रहे।

### बुंदेलखंड विकास सेना का आरोप शहर धूल की चपेट में है

# सड़कों की धूल से दमा, ब्रोन्काइटिस एलर्जी व चर्मरोगियों में इजाफाः कपूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

बुंदेलखंड विकास सेना की एक आवश्यक बैठक स्थानीय कंपनी बाग में प्रमुख हरीश कपूर टीटू की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में समूचे ललितपुर शहर में सड़कों पर उड़ने वाली धूल और वायु प्रदूषण पर गहरी चिन्ता और रोष व्यक्त किया गया। हरीशकपूर टीटू ने कहा कि पेयजल के लिए पाईपलाइन डालने के लिए ललितपुर शहर की तमाम खूबसूरत कंकरीट की सड़कों को हठधर्मी ठेकेदारों द्वारा कटर मशीन से 2-3 फीट काटने के बजाय जे सी बी से 6-7 फीट खोदकर बेदर्दी से क्षतिग्रस्त कर दिया गया। जिसके कारण पूरे शहर की सड़कों पर धूल का गुबार उड़ रहा है जिससे लोग दमा, ऐलर्जी और चर्मरोग के शिकार हो रहे हैं। सड़क किनारे रह रहे नागरिकों और



दुकानदारों का जीना दूभर हो रहा है। उन्होंने कहा कि शहर की तमाम सड़कों पर पाइपलाइन डालने के उपरान्त मरम्मत के नाम पर जमकर लीपापोती की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि इन क्षतिग्रस्त सड़कों पर उचित तरीके से मरम्मत की जाती तो बहुत हद तक धूल से बचा जा सकता था। कपूर ने कहा कि किसी भी सड़क को खोदने से पहले सम्बन्धित विभाग में सड़क को दुरुस्त कराने का पैसा पहले जमा करा लिया जाता है ताकि पाईपलाईन डालने के बाद उक्त क्षतिग्रस्त सड़कों को दुरुस्त किया जा सके। परंतु संवेदनहीन जिम्मेदार विभाग अपने अहंकार और भ्रष्टाचार में इतना मदमस्त है कि उसे लोगों की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने उक्त सम्बन्ध मे जिलाधिकारी से मांग की है कि वो संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करके ललितपुर शहर की सड़कों को धूल रहित करके प्रदूषण मुक्त करें। मांगे नहीं माने जाने की दशा में बुंदेलखंड विकास सेना उग्र आन्दोलन छेड़ने को बाध्य हो जायेगी। बैठक में कदीर खान, फूलचंद रजक, प्रदीप पंडित, संजू राजा, सुरेश कुमार, काशीराम विश्वकर्मा, नंदराम कुशवाहा, रामेश्वर कुशवाहा, भईयन कुशवाहा, प्रदीप टैक्सी, लालचंद रजक, सोन सिंह यादव, रामसहाय राठौर, खुशाल बरार, महेश कुशवाहा, जीतू, जगदीश, पर्वत सिंह, रोहित कुशवाहा, मनोहर आदि उपस्थित रहे।

### आठ अधिकारियों पर लटकी कार्रवाई की तलवार

# दशमोत्तर छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत 14012 आवेदन लंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जनपद में शैक्षिक सत्र 2025-26 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत छात्र-छात्राओं द्वारा ऑनलाइन किये गए 14 हजार से अधिक आवेदन अब भी विभागों और शिक्षण संस्थाओं में लंबित पड़े हैं, जबकि राज्य सरकार द्वारा जारी समय सारणी के अनुसार शिक्षण संस्थानों के स्तर से लंबित आवेदनों को अग्रसारित करने की अंतिम तिथि 10 दिसम्बर 2025 निर्धारित है। ऐसे में इस बड़ी लापरवाही का खुलासा तब हुआ जब जिलाधिकारी सी.एम. डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक कर रहे थे।

समीक्षा में पाया गया था कि सी.एम. डैशबोर्ड पर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत कक्षा 9-10 के 502, कक्षा 11-12 के 329 एवं पोस्ट मैट्रिक संस्थाओं के 13181, इस प्रकार (कुल 14012) आवेदन अभी तक शिक्षण संस्थाओं और विभागों में लंबित हैं, जिससे जिलाधिकारी भी हैरत में पड़ गए। और तो और इन लंबित आवेदनों में 13181 आवेदन पत्र ऐसे हैं जो उच्च शिक्षा स्तर पर लंबित है और प्राचार्य, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, नोडल अधिकारी, उच्च शिक्षा, प्राचार्य डॉयट, नोडल अधिकारी-प्राविधिक शिक्षा, नोडल अधिकारी, व्यवसायिक शिक्षा, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी एवं जिला अल्पसंख्यक अधिकारी से संबंधित हैं।

इस पर जिलाधिकारी ने घोर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्थिति अत्यन्त आपत्तिजनक है एवं सम्बन्धित संस्था के उत्तरदायी अधिकारियों की शिथिलता का द्योतक है। शासन स्तर पर भी इस सम्बन्ध में असंतोष व्यक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और उक्त अधिकारियों व प्राचार्यों को निर्देशित किया कि लंबित आवेदन पत्रों का शत-प्रतिशत निस्तारण 02 दिवस के अन्दर कराना सुनिश्चित करें। यदि नियत समयावधि में कॉलेज/संस्था की शिथिलता के कारण आवेदन पत्र निस्तारित नहीं किये जाते हैं, तो सम्बन्धित कॉलेज, संस्था के उत्तरदायी प्राचार्यों, अधिकारियों के विरुद्ध निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए है कि उक्त संबंधित अधिकारी एवं प्राचार्य व्यक्तिगत रुचि लेकर युद्ध स्तर पर कार्य कराते हुये लंबित आवेदन पत्रों का शत-प्रतिशत निस्तरण सुनिश्चित करायें तथा प्रतिदिन की निस्तारण प्रगति से मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से अवगत करायें, यदि लापरवाही हुई तो इसके लिये अधिकारी स्वयं उत्तरदायी होंगे। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि उनके द्वारा 09 दिसम्बर 2025 को अपरान्ह 04 बजे विकास भवन में प्रगति समीक्षा हेतु आवश्यक बैठक आहूत की है। संबंधित अधिकारीगण व कॉलेज/संस्था के ऐसे समस्त प्रधानाचार्य निस्तारण सूचना/विवरण के साथ उक्त बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे, जिनके स्तर पर आवेदन पत्र लंबित हैं।

# खाद लेने आए किसान की बाइक की टक्कर से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

निकटवर्ती ग्राम घटवार में रहने वाले सोनू कुशवाहा पुत्र चन्दन कुशवाहा ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 3 दिसम्बर की शाम करीब 6 बजे उसके पिता चन्दन खाद लेने ललितपुर आये हुये थे, जहां से वह गांव वापस जा रहे थे। जैसे ही वह मसौरा बैरियल के पास पहुंचे, तो हाई-वे के पास मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.एल. 0447 के चालक ने तेजी व लापरवाही से उसके पिता को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उन्हें सिर व शरीर में गंभीर रूप से चोट आ गयी। वहां मौजूद लोगों ने उसके पिता को उपचार के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उन्हें झांसी रेफर कर दिया। झांसी ले जा रहा था, तभी तालबेहट के पास उसके पिता की मौत हो गयी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### बाइक की टक्कर से महिला की मौत, रिपोर्ट दर्ज

मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ के थाना बड़ागांव अंतर्गत ग्राम ककरवाहा निवासी बृजेश पुत्र धनीराम यादव ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीटी दिन उसके मामा राकेश यादव पुत्र गुलझारी, नानी नन्ही बाई मोटर साइकिल संख्या एम.पी.36 यू 5694 से ककरवाहा से भौरसिल की ओर जा रहे थे। तभी एन.एच. 44 पर बंधा के पूंछा पर तेज गति व लापरवाही से ललितपुर की अंदर आने वाली रास्ते आ रही मोटर साइकिल यू.पी.94 एस 8678 आयी और उसके मामा की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डाक्टरों ने उसकी नानी को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पुलिस लाइंस में वामा सारथी ने किया बेलनेस कैम्प का आयोजन

# आयुर्वेद और होम्योपैथी चिकित्सा का परामर्श दिया, योग-प्राणायाम सत्र का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

पुलिस फैमिली बेलफेयर एसोसिएशन उप्र (वामा सारथी) के तत्वावधान में तथा पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में आयुष विभाग के सहयोग से वामा वेलनेस कैम्प का आयोजन रिजर्व पुलिस लाइन्स परिसर पर किया गया। उद्घाटन वरिष्ठ अधिकारियों एवं वामा सारथी की प्रतिनिधि टीम द्वारा किया गया। कैम्प का उद्देश्य पुलिस कर्मियों, महिला कार्मिकों तथा उनके परिवारों के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने हेतु आयुष पद्धति आधारित उपचार, परामर्श एवं जागरूकता सेवाएं प्रदान करना रहा। शिविर में आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा परामर्श, योग एवं प्राणायाम सत्र, तनाव-नियंत्रण एवं मानसिक स्वास्थ्य वर्कशॉप,



नाड़ी परीक्षण एवं हर्बल मेडिसिन वितरण, पुलिस कर्मियों के लिए विशेष हेल्थ-चेकअप, महिलाओं एवं बच्चों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता सत्र आदि सुविधाएं मुहैया करायी गयी थीं। शिविर में ललितपुर पुलिस के बड़ी संख्या में अधिकारी/कर्मचारीगण एवं उनके परिवारीजन द्वारा उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया गया। प्रतिभागियों ने इस पहल को सराहते हुए कहा कि तनावपूर्ण ड्यूटी के बीच इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं। जिले की वामा सारथी की अध्यक्षा ललिता कुमारी ने वामा सारथी की इस पहल को पुलिस परिवारों के कल्याण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि वेलनेस कैम्प पुलिस बल के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सकारात्मक भूमिका निभाते हैं, और आगे भी ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, जिससे कि ललितपुर पुलिस के प्रत्येक पुलिस कर्मी व उसके परिवार को स्वस्थ, सशक्त, सुरक्षित किया जा सकें। वामा सारथी, आयुष विभाग, चिकित्सा विशेषज्ञों, पुलिस लाइन प्रशासन व प्रतिभागियों का आभार जताया।

# महिला पर किया लोहे की रॉड से हमला, सिर फटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

राजकीय महाविद्यालय के पास स्थित मा.कांशीराम कालोनी में निवासरत राजकुमारी पत्नी अशोक कुमार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 6 दिसम्बर को शाम करीब 5 बजे संजना पुत्री मुकेश, रंजीत पुत्र मुकेश, गिरजा पत्नी मुकेश व अज्ञात लोगों ने आरएमव्ही कॉलेज के पास उसके घर में घुस आये और बिना कारण गालियां देते हुये लाठी-डण्डों व लोहे की रॉड से मारपीट कर दी।

शोरगुल सुनकर बीच-बचाव करने पर पुत्री व पति आये तो उनके साथ भी मारपीट कर दी। आरोप है कि संजना ने उसके सिर में लोहे की रॉड मार दी, जिससे उसका सिर फट गया। सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस आ गयी, वह उसे अस्पताल उपचार के लिए भेजा। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### खेत से ट्रैक्टर निकालने से मना करने पर मारपीट

थाना तालबेहट के ग्राम खांदी अंतर्गत मजरा गनेशपुरा निवासी अरविन्द गिरी पुत्र मथुरा प्रसाद कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 6 दिसम्बर को सुबह करीब 7 बजे जब वह अपने खेत पर था। तभी गांव के वीरपाल यादव, शिशुपाल यादव व राजपाल यादव पुत्रगण श्रीराम यादव एकराय होकर उसके खेत से बजरा भरा ट्रैक्टर निकाल रहे थे। जब उसने ट्रैक्टर निकालने से मना किया तो उक्त लोगों ने गालियां देते हुये मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर मौके पर आकर उसके परिजनों ने उसे बचाया, जिस पर उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये चले गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### अंबेडकर महापरिनिर्वाण दिवस पर गोष्ठी हुई

# फरिश्ता लिख गया संविधान को...



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

संविधान निर्माता डा.अंबेडकर राष्ट्रीय अधिवक्ता संघ ने संविधान की निर्माता डा.भीमराव अंबेडकर की महापरिनिर्वाण दिवस की मौके पर जिला बार भवन में गोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें जिला बार के अधिवक्ताओं ने भारत रत्न संविधान निर्माता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक कुमार त्रिपाठी एवं संचालन राम गोपाल अहिरवार एड. ने किया। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं शायर रामकृष्ण कुशवाहा ने कहा कि एक फरिश्ता लिख गया भारत के संविधान को आप पर नाज बाबा सारी हिंदुस्तान को। इस दौरान रामगोपाल एड. ने कहा कि बाबा साहब दलित वंचित शेशित वर्गों के मसीहा थे, जिन्होंने भारत का संविधान लिखकर सभी वर्गों का मान सम्मान दिलाया है। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता बृजेंद्र सिंह यादव, ओमप्रकाश घोष, निहाल सिंह लोधी, मुकेश कटारे, विजय गोस्वामी, हरिशंकर नामदेव, सुरेश सोनी, हरपाल सिंह, अभिषेक जैन, वृंदावन कुशवाहा, राजकिशोर गौतम, आसिफ खान, लोकेश निषाद, हीरालाल, दर्शन सिंह, चेतनराम निरंकारी, अजय विश्वकर्मा, बलराम सेन, अनिल यादव, कमलेश कुशवाहा, प्रकाश अहिरवार, गोपी प्रसाद, अभिलाषचंद्र रैकवार आदि उपस्थित रहे। अंत में जिला संयोजक रामगोपाल ने सभी का आभार जताया।

### कौमी एकता व मुशायरा, कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया

# पांव दाबू मां बाप के तो खुशी मिले, बैसूद दुनिया पे चलने...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था वान ए गजल मध्य प्रदेश के तत्वावधान में कौमी एकता एवं मुशायरा का कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाजी बदरूद्दीन कुरैशी ने की। जबकि मुख्य अतिथि राज्यमंत्री मनोहर लाल ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम को गति दी। पश्चात उज्जैन की नौजवान शायर नवाज असीमी ने नाते पाक एवं मनीष अंजुम सोनी ने सरस्वती वंदना पढ़कर कार्यक्रम का आगाज किया।

नगर के शायर व गीतकार करीम असर ललितपुरी की साहित्यिक 50 वर्षों की सीमाएं एवं देश-विदेश में जिले का नाम रोशन करने के लिए संस्था की ओर से शासन की राज्यमंत्री ने शाल उड़ाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस




मौके पर नैनीताल से आए कवि मोहन ने शेर पढ़ते हुए कहा कि पांव दाबू मां बाप के तो खुशी मिले, बैसूद दुनिया पे चलने से फायदा क्या। झांसी के शायर जब्बार शारिब ने कुछ यूं कहा कि मैं तो सूरज हूं कभी रात में नहीं, निकलता वह मुझसे मिलने मगर दिन में भी नहीं आती। नोमान के शायर हाशिम नोमानी ने कहा कि कब्र के अंदर भी तो चैन नहीं मिलता कब्र के अंदर भी जिंदा रहना पड़ता है। सूफयानी काजी ने कहा एल्म और तहजीब का खजाना है, जिससे रोशन गरीब खाना है। प्रतापगढ़ से राजीव राज ने कहा कि अभी भी वक्त के गुलेल में हूं अजब बात है कि कैसे खेल में हूं वह कत्ल करके भी संसद भवन में बैठे हैं। मैं एक रोटी चुरा के तिहाड़ जेल में हूं। एमआर सोज ने कहा कि रेजा रेजा विखर गया हूँ, मै अपने साये से डर गया हूं। असर ललितपुरी ने कहा शहर में दुश्मन के बार क्या करते हम ने तलवार दिखाई रख ली।

अबरार दानिश महिदा, असरार चंदे, रवि मंजर भोपाली ने भी कार्यक्रम में खूब भी वाहवाही लूटी। कार्यक्रम के प्रारंभ में यही ललितपुरी ने अतिथियों को वैच लगा कर सम्मानित किया। इस दौरान मनमोहन संज्ञा, भारत राजा, विजय जैन, रविशंकर एड., अख्तर अब्दुल रहमान, कलानाथू उस्ताद, रवि शंकर, डा.शिवनारायण, आरिफ खान, मासूम कौसर सहित नागरिक उपस्थित रहे। अंत में बाबू बदरुद्दीन कुरैशी ने आभार जताया।

### लोक निर्माण विभाग ने प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति के लिए शासन को भेजा

# सिंगल से टू लेन होगी तीन मुख्य सड़कें, मिलेगा पर्यटन को बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले के तीन प्रमुख सड़कों का अब नए सिरे से निर्माण किया जाएगा। फिलहाल ये तीनो सडके खस्ताहाल होने के साथ साथ सिंगल लेन भी है। इसलिए ये तीनों सडके अब सिंगल से डबल लेन बनाई जाएगी। तीनों सडकों को सिंगल से डबल लेन बनाए जाने का प्रस्ताव तैयार करके उसे स्वीकृति के लिए शासन की ओर भेज दिया गया है।

खास बात यह है कि सिंगल से डबल लेन होने वाली दो सडके तो कूनो नेशनल पार्क में पर्यटकों की संख्या बढाएगी। क्योंकि इन सडकों के जरिए पर्यटकों का चीतो का दीदार करने के लिए कूनो नेशनल पार्क के गेट तक पहुंचना सुविधा जनक हो जाएगा।

दरअसल लोक निर्माण विभाग ने श्योपुर जिले की तीन प्रमुख सडकों का उन्नयन किए जाने का प्रस्ताव बनाकर स्वीकृति के लिए शासन की ओर भेजा है। शासन से स्वीकृति मिलने के बाद इन सडकों का निर्माण किए जाने के लिए शासन की ओर से बजट भी जारी कर दिया जाएगा। जिसके बाद लोक निर्माण विभाग इन सडकों को निर्माण कराए जाने की कार्रवाई शुरू कर देगा। बताया गया है कि लोक निर्माण विभाग ने जिन तीन सडकों का उन्नयन कराए जाने का प्रस्ताव भेजा है,उनमें 22 किलोमीटर लंबी सूसवाडा से बागल्दा सडक, 15 किलोमीटर लंबी सेसईपुरा से मोरावन टिकलोटी गेट तक सडक तथा 32 किलोमीटर लंबी विजयपुर से पीपलवाडी सडक शामिल है।



#### 7 मीटर चौड़ी बनेगी तीनों सड़कें

तीनो सडकों का उन्नयन किए जाने का जो प्रस्ताव भेजा गया है,उसके मुताबिक तीनो सडके 7 मीटर चौडी बनाई जाएगी। जिसकारण ये सडक डबल लेन हो जाएगी। बताया गया है कि सेसईपुरा से मोरावन टिकटोली तक बनाई जाने वाली 15 किलोमीटर लंबी सडक के लिए करीब 45 करोड रूपए की राशि शासन की ओर से उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं सूसवाडा से बागल्दा तक बनने वाली 22 किलोमीटर सडक का निर्माण करीब 66 करोड रूपए तथा विजयपुर से पीपलवाडी तक बनने वाली 32 किलोमीटर लंबी सडक का निर्माण करीब 96 करोड रूपए की राशि से किया जाएगा।

#### कूनो में पर्यटको को बढ़ाने का काम करेगी दो सड़कें

ये तीनो सडके जिले के अंदर की प्रमुख सडके कही जाती है। इन तीनो सडकों का निर्माण होने से क्षेत्र के लोगों का सफर सुगम होगा। खास बात यह है कि इन तीनों सडको में से दो सडके तो कूनो नेशनल पार्क में पर्यटको की संख्या बढाने का काम करेगी। ऐसा इसलिए श्योपुर शिवपुरी हाइवे स्थित सेसईपुरा से मोरावन टिकटोली तक जो डबल लेन सडक बनेगी,उस सडक के जरिए पर्यटकों का कूनो नेशनल पार्क के टिकटोली में बने गेट तक पहुंचना सुविधाजनक हो जाएगा। वहीं दूसरी तरफ विजयपुर से पीपलवाडी तक बनने वाली डबल लेन सडक के जरिए भी पर्यटकों का कूनो नेशनल पार्क के पीपलवाडी में बने दूसरे गेट तक पहुंचना भी आसाना हो जाएगा। बता दे कि कूनो नेशनल पार्क में प्रवेश करने के लिए तीन गेट बने हुए है। दो गेट पीपलवाडी और टिकलोटी तो श्योपुर जिले की सीमा में मौजूद है।जबकि तीसरा गेट अहेरा में बना हुआ है, जो शिवपुरी जिले की सीमा में आता है। उधर सूसवाडा से बागल्दा तक बनने वाली सडक के जरिए जाखदा जागीर में बन रहे डीआरडीओ पहुंचने का रास्ता भी सुविधा जनक हो जाएगा।

#### इनका कहना है...

जिले की तीन मुख्य सडकों का उन्नयन करते हुए उनका निर्माण डबल लेन किए जाने का प्रस्ताव भी तैयार करके शासन की ओर भेजा गया है। शासन से जैसे ही प्रशासकीय स्वीकृति जारी की जाएगी,वैसे ही तीनों सडकों के निर्माण की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी।

**पुष्कल प्रताप**
**ईई,लोक निर्माण विभाग,श्योपुर**

### विजयपुर के मकनापुरा के हार की घटना, जांच में जुटी पुलिस

# खेत पर रखवाली करने गए बुजुर्ग की मौत जंगली जानवर के हमले की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

रात में खेत की रखवाली करने के लिए गए एक बुजुर्ग की खेत पर मौत हो गई। सोमवार की सुबह उसका शव लहुलुहान हालत में खेत की मेढ पर पडा मिला। आशंका है कि उस पर किसी जंगली जानवर के द्वारा रात्रि के दौरान हमला किया गया है। बुजुर्ग की गर्दन पर हमले के निशान साफ दिख रहे है। यह घटना विजयपुर थाना क्षेत्र के मकनापुरा के हार की घटना है। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

विजयपुर टीआई भारत सिंह गुर्जर ने बताया कि विजयपुर निवासी जग्गू 70 वर्ष पुत्र लख्खू राठौर रोज रात्रि के दौरान खेत पर गेंहू की फसल की रखवाली करने जाता है और सुबह 5 बजे खेत से वापस घर आकर मवेशियों का दूध निकालता है। रोज की भांति वह रविवार की रात को मकनापुरा के हार में मौजूद खेत पर रखवाली के लिए गया था,लेकिन सोमवार की सुबह 6 बजे तक जब वह घर नही पहुंचा,जब परिवार के लोग उसे देखने के लिए खेत पर पहुंचे,जहां खेत की मेढ पर जग्गू मृत अवस्था में पडा मिला। उसकी गर्दन पर गहरा जख्मा साफ दिख रहा था,वहीं शरीर पर भी अन्य कई स्थानों पर जख्म के निशान मौजूद है। ऐसे में अंदेशा लग रहा है कि रात्रि के दौरान उस पर किसी जंगली जानवर ने हमला किया है।



#### तेंदुए के हमले की आशंका

बुजुर्ग पर किस जानवर ने हमला करके उसकी जान ली है, इसका फिलहाल पता नहीं है। लेकिन बुजुर्ग की गर्दन पर जिस तरह के हमले का निशान साफ दिख रहा है,उससे आशंका जताई जा रही है कि यह हमला तेंदुए के द्वारा किया जाना किया गया है। वैसे भी कूनो नेशनल पार्क में मौजूद तेंदुए विजयपुर और अगरा क्षेत्र के जंगल में चहल कदमी करते आए दिन नजर आ जाते है और कई मवेशियों पर भी हमला करके चुके है।

# शैक्षणिक भ्रमण के लिए सांदीपनि विद्यालय के टॉपर गुजरात रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

सांदीपनि विद्यालय श्योपुर के दो विद्यार्थियों को सोमवार को शैक्षणिक भ्रमण के लिए गुजरात रवाना किया गया। इस अवसर पर उपस्थित विद्यालय के प्राचार्य अशोक खंडेलवाल सहित अन्य शिक्षको द्वारा विद्यार्थियों का स्वागत कर गुजरात भ्रमण के लिए विदाई दी गई। प्राचार्य खंडेलवाल ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा गुजरात शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत सांदीपनि विद्यालय की कक्षा 10 के टॉपर एक छात्र एवं एक छात्रा को शामिल किये जाने के क्रम में श्योपुर सांदीपनि विद्यालय के टॉपर छात्र कुलदीप धाकड एवं छात्रा खुशी गोयल को श्योपुर से शिवपुरी के लिए रवाना किया गया। उन्होने जानकारी दी कि विद्यार्थी शिवपुरी से भोपाल तथा भोपाल से स्पेशल ट्रेन वन्दे भारत से 7-दिवसीय गुजरात शैक्षणिक भ्रमण पर प्रस्थान करेंगे। प्राचार्य ने बच्चों एवं पालकों को माला पहनाकर स्वागत किया, विद्यालय के शिक्षक नरेश योगी,रामदयाल राव, लोकेश मथुरिया, कौशल त्रिपाठी, अनुज अर्गल एवं विद्यार्थियों के अभिभावक उपस्थित थे।



### श्योपुर में पहली बार होने जा रहा श्रीश्याम कथा का आयोजन, प्रेमियो में उत्साह

# भव्यता के साथ निकाली कलश यात्रा, श्याम बाबा के जयकारों से गूंजी शिव की नगरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

भगवान शिव की नगरी श्योपुर में शीश के दानी की अमर कहानी श्री श्याम कथा का आयोजन पहली बार होने जा रहा है। जिसका आगाज सोमवार को भव्य कलश यात्रा और निशान यात्रा के साथ हुआ। भव्यता के साथ निकली इस कलश यात्रा में श्रद्धालुओं की व्यापक भागीदारी से पूरी शिव की नगरी श्याम बाबा के जयकारो से गुंजायमान हो उठी। इस कलश यात्रा का शहर में जगह जगह पुष्पवर्षा करके स्वागत किया गया। शहर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी यह कलश यात्रा गिरवधारी हनुमान जी पर पहुंचकर सम्पन्न हुई,जहां मंगलवार से श्रीश्याम कथा का आयोजन होगा। समिति ने बताया कि यह पूरा कार्यक्रम महंत कृष्णबिहारी दास महाराज के सानिध्य में आयोजित किया जा रहा है।

श्री गिरवरधारी हनुमान जी श्याम मंदिर समिति श्योपुर के बैनर तले आयोजित इस भव्य कलश यात्रा और निशान यात्रा की शुरूआत सोमवार की सुबह 11 बजे शहर के टोड़ी गणेश मंदिर से विधिवत पूजा अर्चना के साथ हुई। गाजेबाजे के साथ आरंभ हुई इस भव्य कलश यात्रा में बडी संख्या सजीधजी महिला और बालिकाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थी। वहीं बडी तादात में श्यामप्रेमी अपने हाथों में निशान लेकर चल रहे थे। कलश यात्रा के साथ जहां एक रथनुमा वाहन में खाटूश्याम की प्रतिमा विराजित होकर चल रही थी, वहीं बग्गी में सवार होकर विश्व विख्यात कथा व्यास श्याम रत्न पप्पू शर्मा खाटू वाले चल रहे थे। इस कलश यात्रा का शहर में जगह जगह पुष्पवर्षा करते हुए स्वागत किया गया। इस कलश यात्रा के दौरान गूंजे श्याम बाबा के जयकारों से शहर का माहौल पूरी तरह श्याममय हो गया। यह कलश यात्रा शहर के टोडी बाजार, मुख्य बाजार, गांधी पार्क,जय स्तंभ चौक, शिवपुरी रोड होते हुए कथा आयोजन स्थल पर श्री गिरवरधारी हनुमान जी श्याम मंदिर ग्राउंड पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। जहां मंगलवार से शीश के दानी की अमर कहानी तीन दिवसीय श्री श्याम कथा का आयोजन शुरू होगा,इस दौरान खाटू वाले विश्व विख्यात कथा व्यास श्याम रत्न पप्पू शर्मा श्याम कथा का रसपान श्रद्धालुओं को कराएंगे। समिति ने बताया कि 11 दिसंबर तक चलने वाली इस श्रीश्याम कथा का प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक वाचन करेगे। तीन दिवसीय इस श्री श्याम कथा का समापन 12 दिसंबर को विशाल भंडारे के साथ किया जाएगा। बता दें कि श्री श्याम कथा का आयोजन पहली बार श्योपुर में आयोजित हो रहा है,इसलिए आयोजन समिति से जुडे सभी पदाधिकारी और श्यामप्रेमियों में इस कार्यक्रम को खासा उत्साह देखा जा रहा है।





## बाइक सवारों कार ने मारी टक्कर,एक की मौत,दूसरा रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

विजयपुर से इकलौद जा रहे बाइक सवार दो लोगों को एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया,जिसे इलाज के लिए विजयपुर अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर के लिए रेफर कर दिया गया है। सोमवार की सुबह करीब दस बजे यह हादसा विजयपुर कस्बे के नजदीक बारखेडा के पास घटित हुआ। पुलिस के मुताबिक ग्राम इकलौद निवासी दो युवक प्रमोद शाक्य और चेतन माहौर सोमवार की सुबह बाइक पर सवार होकर विजयपुर से अपने गांव इकलौद जा रहे थे, जब उनकी बाइक बारखेडा के पास थी,तभी उनको एक कार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार प्रमोद शाक्य 30 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चेतन माहौर गंभीर रूप से घायल हो गया,जिसे विजयपुर अस्पताल ले जाने पर प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर के लिए रैफर कर दिया है। पुलिस ने मृतक युवक के शव को पीएम के बाद परिजनो के सुपुर्द कर दिया और कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।


### खाद की कालाबाजारी रोकने और उपलब्धता बढ़ाने युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

# खाद,बिजली और पानी की समस्या को लेकर पर चुप नहीं बैठेगी कांग्रेस:दौलत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

अगर किसानों को खाद बिजली पानी की समस्या हुई तो कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी सड़कों पर उतर कर मजबूरी में हमें आंदोलन करना पड़ेगा। हमने पहले भी आंदोलन किया था आगे भी करेंगे। हम जेल जाने से नहीं डरते हैं। यह बात पूर्व नपाध्यक्ष दौलत राम गुप्ता ने सोमवार को डिप्टी कलेक्टर संजय जैन से युवा कांग्रेस के बैनर तले ज्ञापन सौंपते हुए कही। युवा कांग्रेस ने मुख्यमंत्री के नाम खाद की कालाबाजारी रोकने और उपलब्धता सुनिश्चित करने की संबंध में ज्ञापन सौंपा है।

श्योपुर जिले में खाद कि किल्लत बिजली कटौती एवं अवेध शराब परिवहन एवं शहर में आए दिन जाम की स्थिति पैदा होने को लेकर युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राम भरत मीणा के नेतृत्व में सोमवार को कलेक्ट्रेट पर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दौलत राम गुप्ता ने जनहित के मामलों में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए दूर करने की मांग करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एड जुगराज रावत, डॉ शहजाद अली, अशरफ (ख्वाजा भाई ), युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कराहल के जुगराज कुशवाह, बडौदा ब्लॉक अध्यक्ष गोलू जाटव, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष राममिलन मीना, धारा सिंह मीणा, विष्णु कुमार, अभिषेक कुमार, दुष्यंत यादव, पवन कुमार एवं युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।



# शतप्रतिशत वक्फ संपत्ति उम्मीद पोर्टल पर पंजीयन के लिए बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

सरकार में उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों को पंजीकृत कराने के लिए अब 3 महीने का समय बढ गया है इस समय का सदुपयोग कर मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड में पंजीकृत मुतवल्ली कमेटियां प्रतिशत वक्फ संपत्तियों को उम्मीद पोर्टल पर अपलोड कराएं और जिन वक्फ संपत्तियों की कमेटी या मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड में गठित नहीं है उन्हें जिला वक्फ कमेटी तथा अंजुमन कमेटी के माध्यम से पोर्टल पर स्वयंसेवकों के माध्यम से दर्ज कराई जाएगी। इस बात पर रविवार को अंजुमन कार्यालय श्योपुर में आयोजित हुई बैठक में उपस्थिति मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधियों ने सहमति बनाई।

अंजुमन सदर शब्बीर नागौरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में मध्य प्रदेश में वक्फ कमेटी श्योपुर जिला इकाई के अध्यक्ष ने काजी असद उल्लाह कुरैशी ने बताया कि जो वक्फ संपत्तियां मध्य प्रदेश पंजीकृत हैं उन्हें वह खुद उम्मीद पोर्टल पर अपलोड कर रहे हैं इस काम में वक्फ बोर्ड के सभी कर्मचारियों के साथ टेक्निकल टीम को भी अलग से लगाया गया है जो रात दिन इस काम में जुटे हुए हैं। अब इस संबंध सरकार ने तीन माह का समय बढ़ा दिया है जो वक्फ संपत्तियां उम्मीद पोर्टल पर अपलोड नहीं हुई है उन्हें भी दर्ज कराने की जिम्मेदारी अब हम स्वयंसेवकों को लेनी पड़ेगी। ऐसी संपत्तियां जो वक्फ बाय यूजर में आ रही हैं उनके सभी दस्तावेज एकत्रित कर लिए जाएं जिन्हें या तो मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड को भिजवाई जाएगी या फिर हमें खुद पोर्टल पर वक्फ बोर्ड को सुचित करते हुए अपलोड करना पड़ेगी। इस दौरान वक्फ इंतजामिया कमेटी जमातखाना के सदर इंसाफ कुरैशी, बड़ौदा अंजुमन सदर बड़ौदा मुश्ताक सिद्दीकी, काजी आफाक बड़ौदा, हाफिज शहजाद, हाफिज नसीम अख्तर, इमदाद कुरैशी आदि मौजूद रहे।



#### जनवरी में होगा प्रतिभा सम्मान समारोह

दिसंबर में आयोजित होने वाले मुस्लिम प्रतिभा सम्मान समारोह को मुस्लिम समाज के चार धार्मिक विद्वानों की सड़क दुर्घटना में मौत हो जाने के कारण रोका था अब कमेटी ने निर्णय लिया है कि दुखद घड़ी को देखते हुए इस आयोजन को जनवरी 2026 में आयोजित किया जाएगा और इसके बाद होने वाला कार्यक्रम भी इसी वर्ष (2026) अक्टूबर माह में आयोजित कर लिया जाएगा।

### खुले बाजार में खाद की अनुपलब्धता से बनी परेशानी

# खाद को लेकर बढ़ी किसानों में बेचैनी, तेज सर्दी के बाद दिन निकलने से पहले लग जाती है लाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिला मुख्यालय स्थित सहकारी विपणन संघ खाद वितरण केंद्र (धानमील) पर अचानक खाद का वितरण का दबाव बढ़ गया है। आलम यह है कि कड़कड़ाती ठंड में भी किसान दिन निकलने से पहले ही खाद लेने के लिए लाइन में लग जाते हैं और गोदाम में उतरने से पहले ही किसानों को ट्रक में से ही खाद के कट्टे वितरण करने पड़ रहे हैं। अचानक खाद की मांग रबी फसलों में पहली सिंचाई होने के कारण निर्मित हुई है सिंचाई के साथ ही खेतों में खाद डालने की जरूरत पड़ती है। खुले बाजार में खाद नहीं मिलने के कारण भी यह स्थिति निर्मित हो रही है। हालांकि शासन प्रशासन के जिम्मेदार जिले में खाद की पर्याप्त उपलब्धता के दावे कर रहे है,लेकिन इन दावो की पोल खाद के लिए किसानों की लग रही लाइन और आए दिन हो रहे प्रदर्शन खोल रहे है।

इस समय गेहूं और सरसों की फसल लगभग पहली सिंचाई के लिए तैयार है। ज्ञात हो कि गेहूं में आमतौर पर दो से तीन बार खाद डाली जाती है बुवाई के समय पहले सिंचाई 18 से 21 दिन पर यूरिया की पहली खुराक और दूसरी सिंचाई 40 से 45 दिन पर यूरिया की दूसरी खुराक दी जाती है। इसी तरह सरसों में भी पहली सिंचाई 20 से 35 दिन के भीतर और दूसरी सिंचाई 40 से 45 दिन के भीतर करने के साथ खाद डाली जाती है। कई जगह सरसों की फसल पहले ही बोवनी कर दी गई है जिससे उसमें दूसरी सिंचाई की जरूरत भी आ गई है। सरसों में फूल आने लगे हैं जिसके कारण खाद वितरण पर अधिक भार पड़ रहा है। हालांकि प्रशासन का दावा है कि वह मांग अनुसार खाद उपलब्ध करा रहा है लेकिन जिस तरह किसानों की भीड़ विपणन सोसायटी खाद वितरण केंद्र पर पड़ रही है उससे किसानों में खाद को लेकर मची अफरा तफरी जरूर दिख रही है।



#### मोटा खाद दे रहे हैं जो फायदा कम नुकसान ज्यादा देगा

किसानों ने बताया कि वे खाद की खरीद के पैसे दे रहे हैं इसके बाद भी उन्हें खाद नहीं मिल पा रहा है। खाद लेने आते हैं तो मोटा खाद देने की बात करते हैं। मोटा खाद उनकी फसलों के लिए फायदेमंद कम नुकसानदायक ज्यादा है। पतले दाने का यूरिया खाद एक बीघा में एक बैग डलता है लेकिन मोटे दाने का खाद एक बीघा में डेढ़ बैग डालने पड़ेंगे। इसलिए वह मोटे दाने का खाद नहीं ले रहे हैं।

#### प्राइवेट दुकानों से खरीद लेने की बात कह रहे कर्मचारी

खाद लेने आ रहे किसान आरोप लगा रहे हैं कि उन्हें खाद के लिए जानबूझकर परेशान किया जा रहा है। यहां आते हैं तो विभागीय पदाधिकारी कह देते हैं सोसाइटियों से मिलेगा। सोसाइटियों के गोदाम खाली पड़े हैं। कुछ किसानों ने तो जिला विपणन संघ के कर्मचारियों और प्राइवेट दुकानदारों के बीच मिलीभगत के आरोप लगाए। किसानों ने कहा कि खाद लेने आए तो यहां कर्मचारी कहने लगे कि प्रावइेट दुकानों से खरीद लो कहां से खरीदना है यह पता वो दे देंगे।

#### इनका कहना है...

मांग अनुसार खाद उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानों को खाद की कमी नहीं होने दी जाएगी। कभी कभी किसान अधिक आ जाते हैं जिससे खाद वितरण में परेशानी होती है। इसलिए ही टोकन व्यवस्था रखी गई है जो लंबी लाइन लगी है वह खाद लेने के लिए नहीं सिर्फ टोकन लेने के लिए है पहले टोकन वितरण किए जाते हैं और बाद में खाद बांटा जाता है।

**बीपी श्रीवास्तव**
**एसडीएम श्योपुर**

## श्योपुर पहुंचे भाजपा के संभागीय प्रभारी,ली भाजपा पदाधिकारियां की बैठक

**श्योपुर।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभागीय प्रभारी डॉ निशांत खरे पहली बार श्योपुर दौरे पर आए। इस दौरान उनका जिले के भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने आत्मीय स्वागत किया। भाजपा जिला कार्यालय पर प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ खरे ने भाजपा कार्यकर्ताओ की बैठक लेकर उनका परिचय प्राप्त किया। साथही एसआईआर को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओ को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उन्होने कहा कि प्रत्येक बूथ का वोटर भाजपा के लिए महत्वपूर्ण है। इसलिए सभी जिम्मेदार भाजपा पदाधिकारी इसकी चिंता करें और यह सुनिश्चित करें कि उनके बूथ का कोई भी भाजपा समर्थित वोटर एसआईआर का गणना पत्र भरने से छूट न जाए। इस बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण सहित अन्य कई भाजपा नेता मौजूद थे। इस बैठक के बाद संभागीय प्रभारी डॉ खरे भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल के निवास पर पहुंचे। जहां उनका नगर मंडल अध्यक्ष और उनके परिजनो ने स्वागत किया।



## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले किए दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत अशोकनगर निवासी ममता बाई रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कल्ला और कान्हा रजक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोती मोहल्ला अशोकनगर निवासी मोहित सोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामप्रसाद पाल और मनीष पाल ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्ा्रम सावन निवासी पानबाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रेम नारायण और जगदीश अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मोहनपुर निवासी वीरसिंह लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजराज लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बघनरी निवासी वीरसिंह पुत्र खल्कूराम ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पप्पू और ओमकार प्रजापति ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले की चन्देरी पुलिस ने दसरथ यादव निवासी खाकलोन के पास से 7 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। ईसागढ पुलिस ने जमडेरा निवासी रामदयाल आदिवासी के पास से 7 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। कदवाया पुलिस ने सर्करा निवासी भागीरथ केवट के पास से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। मुंगावली पुलिस ने डिपो कॉलोनी मुंगावली निवासी संजना सांसी के पास से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मारी

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने में मोनू केवट निवासी नीमखेडा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात वाहन चालक ने कबीरी मैन रोड पर फरियादी की बाईक में टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आईं हैं पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक पर मामला दर्ज किया है।

### सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ

**पिपरई।** नगर की सुख शांति एवं समृद्धि के उपलक्ष में बात क्रमांक 3 के अशोक राजपूत के यहां पुजारी सुरेंद्र महाराज के द्वारा विधि विधान से पूजन कर सुंदरकांड का पाठ संगीतमय में संगीत मंडली के द्वारा किया गया जिसमें सभी वार्ड वासी उपस्थित रहे एवं नगर की सुख समृद्धि एवं नगर के विकास हो इसी कामना के साथ सुंदरकांड पाठ पूर्ण कर सभी जनों को प्रसाद वितरण किया।

### बसाहरी निवासी युवक की 5 दिसंबर की रात क्रेशर से लौटते समय हुई थी हत्या

# खिमलासा पुलिस ने हत्या के 4 आरोपियों को किया गिरफ्तार, 2 नाबालिग निकले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना



खिमलासा में प्रमोद राजपूत की हत्या के मामले पुलिस ने 24 घंटे के अंदर हत्या के चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिसमें से दो आरोपी नाबालिग बताए जा रहे हैं। जिसका खुलासा एसडीओपी नितेश पटेल ने किया है। जानकारी अनुसार बसाहरी गांव निवासी 27 वर्षीय प्रमोद राजपूत 5 दिसंबर की रात क्रेशर से अपने घर लौट रहा था। तभी टांडा के पास एक बाइक पर चार लोग मिले और किसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया था। जिस पर चारों ने प्रमोद राजपूत की हत्या कर दी थी। पुलिस ने मामला दर्ज करने के 24 घंटे में ही मर्डर का खुलासा कर दिया है।

एसडीओपी नितेश पटेल ने बताया कि प्रेम नट 19 वर्ष, नरेश नट 19 वर्ष, 16 वर्षीय नाबालिग लड़का एवं 15 वर्षीय नाबालिग लड़का सभी निवासी बाघराज वार्ड सागर जो बीना के गुनगी गांव में रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने के लिए आए हुए थे। शादी समारोह में शामिल होने के बाद अपने घर लौट रहे है थे कि टांडा गांव के पास बाइक के ओवरटेक और टर्न लेने की बात को लेकर प्रमोद राजपूत से चारों की बहस हो गई थी। इसी बात को लेकर चारों ने छुरे से प्रमोद राजपूत पर वार कर दिया था। जिससे प्रमोद राजपूत ने दम तोड़ दिया था। हत्या के बाद पुलिस हरकत में आई ओर पुलिस ने छह टीमें बनाई। जिसमें सागर के सिविल लाइन थाना प्रभारी भी शामिल थे। सभी की मदद से एक आरोपी की लोकेशन मिलने के बाद पुलिस आरोपियों तक पहुंची और चारों आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी थाना क्षेत्र की सीमा में ही छिपे हुए थे।

एसडीओपी ने बताया कि प्रेम नट पिता सुनील नट उम्र 19 वर्ष. नरेश नट पिता निर्भय नट उम्र 19 वर्ष तथा. नाबालिग आरोपी उम्र 16 साल तीनों निवासी किशोर न्यायालय के पास बाघराज वार्ड एवं चौथा नाबालिग आरोपी उम्र 15 साल 11 माह निवासी डिडोली थाना गंज बासौदा जिला विदिशा को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ पर आरोपियों द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करते हुए मृतक प्रमोद राजपूत को अचानक हुए विवाद पर से छुरा मार कर भाग जाना बताया। आरोपी से घटना में प्रयुक्त छुरा एवं बाइक व मोबाइल वजह सबूत जब्त की जाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। अपराध में आए अन्य तथ्यों के संबंध में विवेचना की जा रही है।

**इनकी रही सराहनीय भूमिका-** उक्त कार्यवाही में निरीक्षक राधेश्याम पटेल थाना प्रभारी खिमलासा, थाना प्रभारी सिविल लाइन आनंद राज, थाना प्रभारी आगासौद नितिन पाल, थाना प्रभारी भानगढ घनश्याम शर्मा, सउनि सैय्यद आसिफ अली, प्रधान आरक्षक संजय प्रजापति, लक्ष्मण प्रसाद साकेत, अरविन्द ठाकुर, आरक्षक गौरव मीणा, दीपक पान्डेय, जावेद खान, मलखान पाल, सचिन यादव, अरविंद सिंह, दलजीत सिंह जाट, भानूप्रताप राजपूत एवं थाना सिविल लाइन आरक्षक आशीष तिवारी, विपिन, प्रिंस थाना आगासौद आरक्षक बृजेश गहलोत की सराहनीय भूमिका रही।

### आगासोद में मंगल भवन का भूमिपूजन

# विकास कार्यों में धन की नहीं होगी कमी : विधायक सप्रे




हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

ग्राम आगासोद में विधायक निर्मला सप्रे ने 25 लाख की लागत से बनने वाले मंगल भवन का भूमि पूजन कर संकल्प सिद्धि कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विधायक गांव-गांव जाकर विकास कार्यों के भूमिपूजन करेंगी साथ ही जनसुनवाई भी आयोजित करेंगी। ताकि लोगों की समस्याओं का सीधा समाधान हो सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक एड. निर्मला सप्रे ने कहा कि विकास कार्यों में धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। गुणवत्तापूर्ण निर्माण, पारदर्शिता और समयबद्ध कार्य पूरा करना प्राथमिकता है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि वे अपनी समस्याएं और सुझाव निःसंकोच बताएं, हर गांव में सुनवाई होगी और समाधान भी। भाजपा वरिष्ठ नेता रतन यादव ने कहा कि विधायक के कार्यकाल में ऐतिहासिक विकास की गंगा बह रही है और गांव में परिवर्तन स्पष्ट दिख रहा है। गौरीशंकर राय ने कहा कि निर्मला सप्रे का विधायक कार्यकाल बीना विधानसभा के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा, क्योंकि उनका काम जनता के बीच बोल रहा है। कार्यक्रम में संजय ठाकुर, राजेंद्र सिंह, नवीन चंदेल, शिवेंद्र चंदेल, पप्पू आदिवासी, पप्पू सेन, गोविन्द सिंह हिंन्नोद, राजेंद्र यादव, अजय पटेल, रतिराम पटेल, दिनेश अहिरवार और जितेंद्र ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सात फीट गहरे नाले में फंसे बैल का किया रेस्क्यू

### जेसीबी की मदद से सुरक्षित बाहर निकाला



**बीना।** सात फीट गहरे नाले में फंसे एक बैल को गौ सेवा दल के सदस्यों ने रेस्क्यू कर जेसीबी की मदद से सुरक्षित बाहर निकाला और उपचार के बाद सुरक्षित स्थान पर छोड़ा गया। गौ सेवा दल सदस्य राजेंद्र यादव ने बताया कि स्थानीय लोगों ने सूचना दी की रेलवे इंस्टीट्यूट के पास एक बैल 7 फीट गहरे नाले में फस गया है। सूचना मिलते ही सदस्यों के साथ मौके पर पहुंचे और करीब 2 घंटे तक चलाए गए रेस्क्यू के बाद जेसीबी की मदद से नाले में फंसे बैल को सुरक्षित बाहर निकाला गया और उपचार किया गया। रेस्क्यू के दौरान गौ सेवा दल सदस्य राजेंद्र यादव, लवकेश यादव, हिम्मत सिंह, आकाश यादव, देवेंद्र राय, अनुराग जैन, अर्थ सेन, कृष यादव, राकेश वर्मा, रोहित नामदेव आदि मौजूद रहे रहे।

### छोटी बजरिया जैन मंदिर में हुआ भगवान पारसनाथ का महामस्तकाभिषेक

# अहिंसा ही परम धर्म है यही नीति मानवता को शांति और आत्मिक उत्थान की ओर ले जाती है

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना



छोटी बजरिया स्थित सहस्त्रफणी पारसनाथ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर में रविवार को आचार्य समय सागर महाराज एवं मुनि सरल सागर महाराज के आशीर्वाद एवं पंडित प्रदीप भैया इटावा बीना के सानिध्य में अत्यंत श्रद्धा भक्ति के साथ भगवान पारसनाथ का महामस्तकाभिषेक संपन्न हुआ। प्रातः कालीन बेला में आयोजित इस पावन अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आध्यात्मिक शांति और पुण्य का लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से शांतिधारा एवं अभिषेक का आयोजन किया गया। जिसमें ब्रह्मचारी रजनी जैन, प्रकाश चंद, रमेश चंद, महेंद्र सनत कुमार जैन, प्रवीण शाह परिवार, किरण, सुनीता, कमल जैन, राजेश जैन, अथर्व सजल इंदौर, कुसुम रानी गढ़ाकोटा, अनिल अमित जैन आदि श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्यार्जन किया।

शांतिधारा का शांतिदायक प्रवाह मंत्रोच्चारों की मधुर ध्वनि और मंदिर परिसर की पवित्रता ने पूरे वातावरण को भक्ति से ओत पोत कर दिया। पंडित जी ने बताया भगवान पारसनाथ जी जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर हैं। करुणा अहिंसा और त्याग के प्रतीक माने जाते हैं। उनका जीवन सत्य संयम और सदाचार का प्रेरणादायी संदेश देता है। उन्होंने समर्पण सह अस्तित्व और करुणा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है। अहिंसा ही परम धर्म है यही नीति मानवता को शांति और आत्मिक उत्थान की ओर ले जाती है। आज का यह पावन समारोह समस्त समुदाय को प्रेरणादायी आध्यात्मिक अवसर बना। मंदिर प्रबंधन समिति ने कार्यक्रम की सुंदर व्यवस्था की जिसके लिए सभी श्रद्धालुओं ने प्रशंसा की। अंत में मंदिर समिति द्वारा सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया गया। विशेष रूप से उपस्थित डॉ महेंद्र, रमेशचंद्र, कमल जैन, राजेश कुमार जैन, प्रदीप जैन, प्रवीण जैन, संजय जैन आदि उपस्थित रहे।

# आत्मा नित्य, शाश्वत और अविनाशी है : अतुल सेठ




**बीना।** विवेकानन्द केन्द्र समर्पण सेवा प्रकल्प द्वारा गीता जयंती के अवसर पर चिंतन प्रेरक विमर्श कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अतुल सेठ सह प्रांत संचालक, मध्य प्रांत विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी रहे। उन्होंने भगवत गीता के उपदेशों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आत्मा नित्य, शाश्वत और अविनाशी है। शरीर नश्वर है, पर आत्मा को न कोई जला सकता है, न काट सकता है। उन्होंने अर्जुन को दिए कृष्ण के संदेश का उल्लेख करते हुए बताया कि जीवन में कर्तव्य का पालन करते हुए फल की चिंता नहीं करनी चाहिए और आवश्यकताओं को सीमित रखकर आंतरिक आनंद, आत्मानंद को बढ़ाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर राकेश शर्मा ने किया। मंच पर जगन्नाथ वाधवानी संचालक विवेकानंद समर्पण सेवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन केन्द्र प्रार्थना के साथ किया गया।

# कार ने बाइक को पीछे से टक्कर मारी पिता की मौत, बेटा व एक अन्य घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर शाढ़ोरा थाने के अंतर्गत अशोकनगर गुना सड़क मार्ग पर रेलवे फाटक के समीप एक कार और बाईक में हुई भिड़त के बाद बाईक पर सवार 3 में से एक की मौत हो गई दो घायल हैं। मृतक पिता है जबकि घायल उसका पुत्र और एक अन्य व्यक्ति है। घटना की कहानी यह है कि रविवार दोपहर 2 बजे शाढ़ौरा रेलवे फाटक के नजदीक शिवपुरी जिले के बूढ़ा डोगर निवासी मथरी आदिवासी अपने बेटे धनीराम के साथ अशोकनगर से अपना इलाज कराकर अपने गांव वापस अपनी मोटर साइकिल नम्बर एमपी 33 एमडब्ल्यू 0113 से जा रहा था इसी बाईक के पीछे एक कार जिसका नम्बर एमपी 67 सी 4596 अशोकनगर की ओर से आ रही थी। इस कार ने बाईक में पीछे से टक्कर मार दी इस घटना में दो बाईक आगे पीछे चल रहीं थीं कार की टक्कर से बाईक आगे वाली बाईक में जा टकराई जिससे बाइक सवार पिता मथरी आदिवासी की मौत हो गई।

### दयोदय पशुशाला में गायों को औषधी युक्त लडडू खिलाए

**अशोकनगर।** ऋषभदेव कृपा वर्धमान सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष औषधि लड्डू मिष्ठान बनवाए जाते हैं इस वर्ष भी मिष्ठान लड्डू वितरण के कार्यक्रम का प्रथम पर्व दयोदय पशु सेवा केंद्र गौशाला ईसागढ़ रोड में मनाया गया।
जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे साथ ही साथ विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष एवं गौशाला के अध्यक्ष दिनेश महिदपुर, अनीता जैन, डॉक्टर अनामिका जैन, रोशनी जैन,एवं महिला मंडल की अनेक सदस्याएं उपस्थिति रहीं। ऋषभदेव कृपा वर्तमान सेवा समिति की अध्यक्ष कृष्णा जैन द्वारा इस कार्यक्रम की शुरुआत हुई। महोत्सव में उपस्थित महोत्सव संचालक प्रतिष्ठाचार्य राजकिंग ने आचार्य श्री के द्वारा गोवंश की रक्षा एवं हितार्थ अनेक वर्षों में किये। अनेक उपकारों का यश गान गाया। जीव मात्र की रक्षा में असीम पुण्य एकत्रित होता है। ऐसा संभाषण करते हुए उन्होंने उपस्थित जन समुदाय को प्रेरित किया नगर पालिका अध्यक्ष ने 100 किलो लड्डू एवं गौशाला अध्यक्ष ने 50 किलो लड्डू आदि के लिए अपना सद्भाव अर्पित किया। कार्यक्रम में उपस्थित अनेक सदस्यों ने इस भाव की करतल ध्वनि से अनुमोदन की।

### जिले के 6 निकायों में अब जनता से चुने अध्यक्ष होंगे

# जनता द्वारा निकायों में चुनी जाएगी सीधी सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर







नगरीय निकायों में अब चुनाव अध्यक्ष पद के लिए सीधे जनता के द्वारा डाले गए मतो से किए जाएगें। अब नगरीय निकायों में जनता के द्वारा चुनी गई सरकार होगी। इस नए परिवर्तन से जिले में 4 नगरीय संस्थाओं में जनता को सीधे अपने मन पसंद प्रतिनिधि को सीधे अध्यक्ष के रूप में चुनने का मौका मिलेगा।

नगर पालिकाओं और नगरपरिषदों में शुरूआती तौर से ही पार्षदों के द्वारा अध्यक्ष चुने जाने की प्रक्रिया प्रारंभ हुई थी लेकिन 1999 में तत्कालीन मध्यप्रदेश की कांग्रेस सरकार नें इसमें परिवर्तन करते हुए सीधे जनता के द्वारा शहर की सरकार चुने जाने का निर्णय लिया था। यह निर्णय लगातार जारी रहा लेकिन पिछले नगरपालिका चुनाव में प्रदेश की भाजपा सरकार ने इसमें परिवर्तन करते हुए पार्षदों के द्वारा अध्यक्ष चुने जाने की प्रक्रिया जो पहले से चली आ रही थी उसको लागू कर दिया था। यह शिवराज सरकार का निर्णय था लेकिन वर्तमान में मध्यप्रदेश के भाजपा सरकार के मुखिया डॉ. मोहन सिंह यादव ने इसे पलट दिया है और नगरीय निकायों में सीधे जनता के द्वारा अध्यक्ष चुने जाने की प्रक्रिया को फिर से लागू किया है। अब आगामी नगरीय निकाय चुनावों में जनता के द्वारा ही सीधे अध्यक्ष को चुना जाएगा।

अशोकनगर नगरपालिका की बात करें तो 28/12/1999 को पहली बार जनता के द्वारा चुनी गई सरकार के रूप में नगरपालिका अध्यक्ष के पद पर जनता ने जजपाल सिंह को चुना था। वह 15वें नगरीय निकाय के अध्यक्ष बने थे 16वे अध्यक्ष के रूप में महिला सीट पर पहली नगरपालिका अध्यक्ष कान्ता चैधरी चुनी गईं थीं। जिसके बाद 2009 से 2014 के बीच जजपाल सिंह दूसरी बार नगरपालिका अध्यक्ष चुने गए थे। 2014 से 2019 तक तीसरी नगरपालिका अध्यक्ष जनता के द्वारा सुशीला साहू चुनी गई थीं। जनता के द्वारा 3 सीधे नगरपालिका अध्यक्ष चुने गए थे। उसके बाद चुनावी प्रक्रिया में संसोधन हुआ और पार्षदों के द्वारा अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया लागू होने के बाद 19वे नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया बने। अब अगला चुनाव जनता के द्वारा चुने गए अध्यक्ष के रूप में होगा।

जिले में अशोकनगर मुख्यालय के साथ 5 अन्य नगरीय संस्थाओं में भी इसी तरह के चुनाव होगें और वहां भी जनता के द्वारा सरकार चुनी जाएगी जिसमें मुंगावली, चन्देरी, ईसागढ, पिपरई और शाढ़ौरा की नगरीय संस्थाएं होगीं हालाकि शाढ़ौरा में नगर परिषद का गठन होने के बाद एक बार ही जनता की सरकार चुनी गई है। इसी तरह पिपरई में पिछली बार ही नगरपरिषद के चुनाव हुए थे यहां अगले चुनाव में जनता की सरकार के लिए सीधे मतदाताओं को अध्यक्ष चुनने का मौका मिलेगा।



### वुशु में छात्र लक्ष्य सुमन का राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन

**अशोकनगर।** अशोकनगर में आयोजित जिला स्तरीय वूशु प्रतियोगिता में टीएव्ही स्कूल के होनहार छात्र लक्ष्य सुमन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपना चयन राष्ट्रीय चयन प्रतियोगिता के लिए कराया है। बता दें कि लक्ष्य की हमेशा से वूशु खेल में रुचि रही है जिसमें वह आगे बढ़ता रहा है उसने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने कोच खेल प्रशिक्षक जावेद खान को विशेष रूप से दिया है वहीं लक्ष्य की इस उपलब्धि पर स्कूल के अध्यक्ष डॉ प्रमोद जैन, जिला वूशु कोच बृजेश धुर्रटे, स्कूल सीईओ पुनीत जैन प्राचार्य डॉ धमप्रिया सहित खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में 210 विद्यार्थीयों को मेडल व 90 को शील्ड प्रदान की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शहर में गिविंग एंड शेयरिंग ट्रस्ट जीएसटी द्वारा आयोजित वार्षिक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का भव्य समापन रविवार को विवेकानंद स्कूल में किया गया। लगातार चैथे वर्ष आयोजित इस प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस वर्ष कुल 750 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 210 विद्यार्थियों को मेडल एवं 90 विद्यार्थियों को शील्ड प्रदान की गई। कार्यक्रम में वर्गवार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

#### कक्षा 9 से 12 वर्ग परिणाम

प्रथम अनुश्री सोनी मुस्कान पब्लिक स्कूल,द्वितीय खुशी शर्मा, तारा सदन स्कूल,तृतीय आयुष जाट इन विद्यार्थियों को क्रमशः 5000, 3000 और 2000 नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। प्रथम रहीं अनुश्री को रंजीत यादव की तरफ से 2100 तुरन्त दिए गए। इसके अतिरिक्त चैथे स्थान पर रही आराध्या सोनी मुस्कान पब्लिक स्कूल को 1000 पुरस्कार दिया गया।

#### कक्षा 5 एवं 6 वर्ग परिणाम

प्रथम अंशुमन यादव, तारा सदन स्कूल,द्वितीय शिवा शर्मा, शिवपुरी पब्लिक स्कूल,तृतीय प्रखर शर्मा, तारा सदन स्कूल



#### कक्षा 7 एवं 8 वर्ग परिणाम

प्रथम धीर कोठारी, तारा सदन स्कूल,द्वितीय कृष्णा साहू, मुस्कान पब्लिक स्कूल,तृतीय शिवांश शर्मा, सिटी पब्लिक स्कूल। इन दोनों वर्गों (5-6 एवं 7-8) में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को क्रमशः 1500, 1000 एवं 500 नगद राशि के साथ ट्रॉफी वितरित की गई।

#### मुख्य अतिथि के रूप में नपा अध्यक्ष ने सम्मानित किया

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नीरज मनोरिया (नगरपालिका अध्यक्ष), शुभम अग्निहोत्री एवं रामवीर सिंह रघुवंशी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के स्पॉन्सर रहे जीएसटी ग्रुप, विपिन शिवहरे, रितेश जैन, आरिफ़ खान, बलराम नायक, सौरभ रघुवंशी, प्रिया बुक स्टोर, रिंकल सेठ, गौरव जैन, मनोज बक्शी, वाइब्रेंट वैली स्कूल, एपीएस अकादमी एवं विज्ञानम् कोचिंग, होटल आज़ाद पैलेस तथा डी. के. इंटरप्राइजेज। कार्यक्रम के दौरान जीएसटी ग्रुप द्वारा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से प्रतिभाशाली बालिकाओं मुस्कान रघुवंशी, भूरक्षा दुबे एवं शिविका जैन का सम्मान किया गया। साथ ही समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले समाजसेवियों को भी सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य और भविष्य की योजना समापन अवसर पर अतिथियों ने जीएसटी द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों में ज्ञान, प्रतियोगी भावना एवं आत्मविश्वास को बढ़ावा देती हैं। कार्यक्रम के अंत में जीएसटी ग्रुप ने आगामी वर्ष में इस आयोजन को और बड़े स्तर पर करने की घोषणा की।